सेफ क्लिक से साइबर सुरक्षा अभियान

- एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान ने बताए महत्वपूर्ण उपाय
- ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की अपील की

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा, 3 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस के 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत सिवनी मालवा में साइबर अपराधों से बचाव के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया गया. जयस्तंभ चौक पर आयोजित कार्यक्रम में एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान ने नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय बताए और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की अपील की.

एसडीओपी चौहान ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम पिन, बैंक पासवर्ड या अन्य गोपनीय बैंकिंग जानकारी साझा न करें. प्रत्येक ऑनलाइन खाते के लिए अलग और मजबूत पासवर्ड रखें तथा सोशल मीडिया और ई-मेल खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से सक्रिय करें. उन्होंने लॉटरी, इनाम, नौकरी या अन्य आकर्षक ऑफर के नाम पर भेजे जाने वाले संदिग्ध लिंक, एसएमएस, व्हाट्सएप संदेश और ई-मेल पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी. साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध मुफ्त वाई-फाई का उपयोग बैंकिंग लेन-देन के लिए नहीं करने को कहा. एसडीओपी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति बैंक अधिकारी, पुलिसकर्मी या सरकारी कर्मचारी बनकर फोन पर गोपनीय जानकारी मांगे तो तुरंत कॉल समाप्त कर संबंधित विभाग के आधिकारिक नंबर पर पुष्टि करें. पुलिस ने नागरिकों से बैंक खातों की नियमित जांच करने और किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करने तथा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की. अभियान के दौरान लोगों से अपने परिवार और परिचितों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया.

जिले में खरीफ सीजन के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

नर्मदापुरम. उपसंचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है. वर्तमान में जिले में यूरिया, एनपीके, टीएसपी एवं अन्य उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा उर्वरकों की किसी प्रकार की कमी नहीं है. उन्होंने बताया कि जिले को पिपरिया रैक प्वाइंट पर शीघ्र ही लगभग 6,000 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने वाला है, जिससे आगामी दिनों में भी उर्वरकों की उपलब्धता और सुदृढ़ होगी. उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में अब तक जिले को 31,686 मीट्रिक टन यूरिया, 9,988 मीट्रिक टन टीएसपी तथा 17,221 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक प्राप्त हो चुके हैं. इनमें से 20,555 मीट्रिक टन यूरिया, 7,341 मीट्रिक टन टीएसपी तथा 5,894 मीट्रिक टन एनपीके का वितरण किसानों को किया जा चुका है. उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले के डबल लॉक केंद्रों पर वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है.

रेड अलर्ट के बीच उफनाई माचक नदी

- मगरधा समेत दर्जनों गांवों का टूटा संपर्क
- पुल निर्माण सामग्री बही प्रशासन ने दी चेतावनी

नवभारत न्यूज

हरदा, 3 जुलाई. जिले में मौसम विभाग द्वारा जारी रेड अलर्ट के बीच शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया. लगातार बारिश के कारण माचक नदी उफान पर आ गई, जिससे मगरधा सहित दर्जनों गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया. कई ग्रामीण मार्गों पर पानी भरने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है.

सुबह से ही जिलेभर में रुक-रुककर तेज बारिश का दौर जारी है. शहर के निचले इलाकों और प्रमुख सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जबकि ग्रामीण अंचलों में अच्छी बारिश से खरीफ फसलों की बुवाई कर चुके किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी. वनांचल क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के चलते ग्राम मगरधा के पास बहने वाली माचक नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है. नदी पर रतनपुर सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन पुल के लिए रखी गई सामग्री तेज बहाव में बहने लगी. ठेकेदार के कर्मचारी निर्माण सामग्री को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में जुटे रहे.

गांव बना टापू, कई मार्ग बंद

लगातार बारिश के कारण ग्राम मगरधा टापू में तब्दील हो गया है. बड़झिरी-हरदा मार्ग पर पानी भर जाने से आवागमन ठप हो गया है. वहीं, महेंद्र गांव के पास माचक नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा, जिससे सिराली-रहटगांव मार्ग भी बंद हो गया. इसके अलावा रहटगांव के पास बहने वाली अजनाल नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है.

> **24 घंटे और भारी बारिश की संभावना**
> मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक जिले में भारी से अति भारी बारिश जारी रहने की संभावना जताई है. प्रशासन ने नागरिकों से नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने, पुल पर पानी होने की स्थिति में उसे पार नहीं करने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है.

रेनबो स्कूल में बिना डोनेशन प्रवेश शुरू

इटारसी, 3 जुलाई. न्यास कॉलोनी स्थित रेनबो स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उपलब्धियों से अपनी पहचान मजबूत की है. इस वर्ष माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा की जिला प्रावीण्य सूची में स्कूल की छात्रा राशिका राय ने गणित समूह में द्वितीय तथा नंदिनी साहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

वहीं कक्षा 10वीं के छात्र अभय पांडे ने भी जिला मेरिट में तृतीय स्थान हासिल कर कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक से सम्मान प्राप्त किया.

विद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी लगातार सफलता हासिल की है. नगर पालिका इटारसी द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में रेनबो स्कूल के विद्यार्थियों ने लगातार पांच वर्षों से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है.

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यहां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है. खेल-खेल में सीखने की पद्धति और पारिवारिक वातावरण में शिक्षा के साथ चेस, कैरम, कबड्डी, खो-खो, संगीत, सोलो डांस, विचित्र वेशभूषा, कंप्यूटर शिक्षा और विज्ञान की प्रायोगिक शिक्षा जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा दिया जाता है. विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक बिना डोनेशन प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं. विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है.

किसान हितों के लिए आंदोलन की रणनीति तैयार

भोपाल, 3 जुलाई. भारतीय किसान संघ की बैठक सम्पन्न पिपरिया - कृषि उपज मंडी पिपरिया के सभागार में भारतीय किसान संघ, तहसील पिपरिया की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में वर्तमान में किसान की समस्याओं का निराकरण कैसे हो इस सम्बंध में विचार विमर्श हुआ एवं संगठन विस्तार,आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई, बैठक में सम्भागीय सदस्य भूपेंद्र सिंह ने संगठन विस्तार ,भा. कि. संघ के राष्ट्रवादी स्वरूप पर प्रकाश डाला, जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह राजपूत ने मूंग एवं उर्वरक ई टोकन प्रणाली की विसंगती दूर करने हेतु आंदोलन के लिए प्रेरित किया, बैठक में बाबई तहसील अध्यक्ष राजेश दीवान,पिपरिया तहसील अध्यक्ष सुनील पटैल, तहसील मंत्री पवन पटैल, संयोजक सुनील रघुवंशी, वरिष्ठ सदस्य जमुना प्रसाद ,मेहरबान सिंह पटैल, सुरेन्द्र सिंह,नगेन्द्र सिंह, मनोज पटैल, अरविंद पटैल, कौशल प्रसाद, गया प्रसाद पटैल, नारायण

सेवानिवृत जैन का निधन

माखन नगर, 3 जुलाई. स्थानीय जैन समाज के प्रतिष्ठित सुरेंद्र जैन सेवानिवृत्ति (स्वास्थ्य विभाग) का आज 84 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया. जैन काफी समय से अस्वस्थ थे वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए आज उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम पर किया गया जिसमें काफी बड़ी संख्या में स्नेहीजनों ने दिवंगत सुरेंद्र जैन को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया है.

कलेक्टर ने किया जिले की पुल-पुलियाओं का सघन निरीक्षण

- जलमग्न होने की स्थिति में आवागमन नहीं होने देने के निर्देश

हरदा, 3 जुलाई. मानसून को देखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को जिले के वन क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रमुख पुल-पुलियाओं का सघन निरीक्षण किया. भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने पुलिया एवं ब्रिज की स्थिति देखी और आवश्यक सुरक्षा इंतजामों के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान हरदा की बंगाली कॉलोनी में रन्हाई रोड़ की पुलिया, सोहागपुर में सोहागपुर-मनियाखेड़ी की पुलिया, दूधकच्छ में रहटगांव रोड़ की पुलिया, रहटगांव में नजरपुरा-रहटगांव ब्रिज, ग्राम बड़वानी में गांव की पुलिया तथा ग्राम सोडलपुर में हंसावती नदी की पुलिया का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होने वर्षा के मौसम को ध्यान रखते हुए सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये.

एक नजर में



मानसून मेहरबान, दोपहर में झमाझम बारिश

नर्मदापुरम, 3 जुलाई. दक्षिण-पश्चिम मानसून ने शुक्रवार दोपहर से जिले में रफ़्तार पकड़ ली हैं. शुक्रवार को सुबह से बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई. लेकिन दोपहर बाद जिला मुख्यालय बूंदाबांदी से शुरू हुई बारिश झमाझम में बदल गई. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 4 व 5 जुलाई तक बे ऑफ बंगाल में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण तेजी से मानसून दक्षिण पश्चिमी मप्र में असर दिखाएगा. इसे लेकर नर्मदापुरम सहित संभाग के अन्य जिलों में तेज बारिश होंगी.

सिवनी कॉलेज में विधिक साक्षरता कार्यक्रम

नर्मदापुरम. सिवनी डिग्री कॉलेज एवं आईटीआई में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित विभिन्न नवाचारों के आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने सराहा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश के. शिवानी एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम विजय राय उपस्थित रहे. जिला न्यायाधीश श्री के. शिवानी ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए तकनीकी मॉडलों का अवलोकन करते हुए उनकी रचनात्मक सोच, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के ऐसे प्रयास भविष्य में समाज और राष्ट्र के विकास के लिए नई संभावनाएं पैदा करेंगे तथा युवाओं में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करेंगे. एसडीएम विजय राय ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का युग है. ऐसे में विद्यार्थियों के लिए तकनीकी शिक्षा एवं नवाचार की समझ अत्यंत आवश्यक है.

विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

पिपरिया. सर्वोदय विद्यापीठ हायर सैकेंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. न्यायायिक मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी अखिलेश कुमार चांडक ने छात्र छात्राओं को अपने अधिकारो को लेकर जानकारी दी. इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्रो का भी जवाब देते हुए बतायाकि अपनी पढाई को किस तरह समायोजित व व्यवस्थित करे जिससे वह अपने निर्धारित लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सके और उन्हे कितना पढना चाहिये,किस तरीके से पढना चाहिये,उनकी दिनचर्या क्या होना चाहिये,पढाई की बारीकिया भी आपने उन्हे समझाई साथ ही साथ सडक़ दुर्घटना और बीमा से संबंधित कानून को आपने विस्तार से ब्लेक बोर्ड पर समझाया.

बनखेड़ी पुलिस की तत्परता से लापता 14 वर्षीय बालक मिला

बनखेड़ी, 3 जुलाई. थाना सुहागपुर से सूचना प्राप्त हुई थी कि 14 वर्षीय बालक संजीव राय बीती रात अपने घर से कहीं चला गया है, जिसकी लोकेशन बनखेड़ी क्षेत्र में प्राप्त हो रही थी.

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बनखेड़ी विजय सनस द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर बालक की तलाश के लिए रवाना किया गया. पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए बालक का शीघ्र पता लगा लिया.

इसके बाद बालक को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली.

हाई स्कूल में साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

इटारसी. ग्राम तरोदा स्थित हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य वक्ता पथरौटा थाना प्रभारी मोनिका गौर ने डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए विद्यार्थियों से सतर्क रहने की अपील की.

थाना प्रभारी मोनिका गौर ने कहा कि किसी भी साइबर ठगी का शिकार होने पर बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके. उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचना दें.

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है. पुलिस हमेशा आम नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर रहती है. किसी भी संदिग्ध स्थिति में घबराने के बजाय पुलिस को सूचना देकर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें. कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. अभ्यंकर, शेखर चौरे, श्याम गालर, कुलदीप पटेल, शुभम पटेल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

मारपीट करने वाला शिक्षक निलंबित

नवभारत न्यूज

इटारसी. केसला विकासखंड के ग्राम रतिबंदर स्थित प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक गोपालगिरि गोस्वामी को नशे की हालत में छात्रों से मारपीट करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है. घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण बड़ी संख्या में स्कूल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया. सूचना पर शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की.

आरोप है कि शिक्षक ने बीड़ी लाने से मना करने पर एक छात्र पर जूता फेंककर मारा, दूसरे छात्र की पिटाई की और एक छात्र का गला दबाया. मामले को गंभीर मानते हुए संकुल प्राचार्य ने कार्रवाई की अनुशंसा की. बीआरसी रत्ना सोनिया ने बताया कि शिक्षक के खिलाफ पहले भी लापरवाही और अन्य शिकायतें मिल चुकी थीं. जांच के दौरान छात्रों और उनके परिजनों के बयान दर्ज किए गए.

घटना के वायरल वीडियो में शिक्षक कथित रूप से शराब के नशे में कक्षा के फर्श पर लेटा दिखाई दिया. वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से शिक्षक को निलंबित कर दिया. केसला थाना प्रभारी राहुल रैंकवार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है तथा मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई है. घटना से प्रभावित दो छात्रों और एक छात्रा को मानसिक प्रभाव कम करने के लिए काउंसलिंग हेतु भेजा गया है. पुलिस और शिक्षा विभाग पूरे मामले की जांच कर रहे हैं.

जिले में 27.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

हरदा. जिले में गत चौबीस घंटों में 27.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 50.8 मि.मी., टिमरनी में 63.7 मि.मी., खिरकिया में 12.8 मि.मी., सिराली में 7.6 मि.मी. तथा रहटगांव में 5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई. इस वर्ष अब तक जिले में 184.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है. इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 228.7 मि.मी., टिमरनी में 185 मि.मी., खिरकिया में 175.8 मि.मी., सिराली में 145.8 तथा रहटगांव में 185.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई.

महिलाओं के बीच मारपीट, दोनों पक्षों पर केस दर्ज

इटारसी. पुरानी इटारसी के तहसील गेट स्थित तवा कॉलोनी के पास दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार तवा कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय नैना जावलकर ने शिकायत दर्ज कराई कि माया, रानी और रिया ने उनके घर के सामने गाली-गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी. दूसरे पक्ष की ओर से माया बाई मांझी (38) ने शिकायत दर्ज कराई कि नैना जावलकर, भावेश जावलकर और संध्या देवी उनके घर के सामने पहुंचे, गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी.

आबकारी विभाग ने जब्त की 38 पेटी अवैध शराब

नर्मदापुरम. अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए आबकारी विभाग ने बालागंज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने दो स्थानों पर दबिश देकर कुल 38 पेटी देशी एवं विदेशी शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.65 लाख रुपये बताई गई है. इस दौरान संगीता पत्नी महेंद्र मेषकर के कब्जे से 33 पेटी देशी एवं विदेशी शराब बरामद कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34 (1) (क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया. वहीं गुड्डी बाई पत्नी ब्रह्मा मेषकर के यहां से 5 पेटी देशी शराब जब्त कर धारा 34 (1) (क) के तहत मामला कायम किया गया.यह कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में वृत्त प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अहिरवार के नेतृत्व में की गई.

जाहिर सूचना

[illegible]

योगेश कुरापा अधिवक्ता
कार्यालय: श्री साई लॉ चेम्बर, प्रथम तल एफ-12, राजेन्द्र सिटी सेन्टर, (आरसीसी मॉल) कोठी बाजार, नर्मदापुरम
मो.नं. 9340692669

जनकल्याण | नवप्रवेशित छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु आयोजित किया गया

एनटीएफ दिशा-निर्देशों पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा, 3 जुलाई. राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की अनुशंसाओं और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में 1 से 3 जुलाई तक नवप्रवेशित छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में तनाव प्रबंधन, सकारात्मक जीवनशैली और उपलब्ध परामर्श सेवाओं की जानकारी दी गई. प्रवेश प्रभारी प्रो. धीरेन्द्र दुबे ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है. उन्होंने छात्राओं से सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और संतुलित दिनचर्या अपनाने की अपील करते हुए किसी भी समस्या को छिपाने के बजाय शिक्षकों, अभिभावकों और कॉलेज की परामर्श व्यवस्था का लाभ लेने की सलाह दी.

विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी

उमंग स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल के परामर्शदाता ईश्वर बिश्नोई ने तनाव, चिंता और अवसाद के शुरुआती लक्षणों की पहचान पर जोर देते हुए योग, ध्यान, नियमित व्यायाम और समय प्रबंधन को मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया. डॉ. रजनीकांत वर्मा ने एनटीएफ के दिशा-निर्देशों, मेंटर-मेंटी प्रणाली, एंटी रैगिंग समिति, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, आंतरिक शिकायत समिति और टेली-मानस सहित विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी. डॉ. नीरज विश्वकर्मा ने भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक संवाद, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और साइबर उत्पीड़न से बचाव पर मार्गदर्शन दिया .कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने, रैगिंग करने का किया विरोध .